तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 11 मई 2024

11 मानिकचौरी में परीक्षा परिणाम से बच्चे उत्साहित



12 ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम पुजारीपाली और छिबर्रा के बीच आरोपी महादेव तरिया उर्फ रैंधिया पिता दशरथ तरिया के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वॉट्सएप पर सट्टा खिला रही महिला गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर के नयापारा में मोबाइल के जरिए सट्टा खिला रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद मे मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रही है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर पहुंचकर महिला से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना नाम हीरा ध्रुव पिता कन्हैया ध्रुव (36) निवासी वार्ड नं 7 संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से 01 नग वन प्लस नॉर्ड सीई 5जी कंपनी का टचस्क्रीन मोबाइल कीमत करीबन 10000 रुपए, मोबाइल स्क्रीनशॉट 24 नग जिसमे रुपए पैसों का दांव लगा हुआ सट्टा पट्टी, नगद रकम 710 रुपए कुल 10710 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को प्रार्थी युधिष्ठिर निषाद पिता हीरालाल निषाद (32) ग्राम तरेकेल चौकी भंवरपुर ने बताया कि 8 मई को रात करीबन 9 बजे रात को मैं अपने ट्रैक्टर को आंगनबाड़ी के पास खड़ा किया था, जिस पर गांव के दिल कुमार एवं कृष पटेल द्वारा ट्रैक्टर को गली में खड़ा करने से आने जाने में दिक्कत हो रही कहते हुए गाली गलौज की गई, वहीं जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे डंडा से दोनों ने एक राय होकर मारपीट किया। जिससे मेरे पीठ, बाएं हाथ, सिर में चोट लगी है। वहीं दोनों आरोपियों ने कुछ समय बाद मेरे घर पहुंचकर मोटर सायकल एवं तखत को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मेरी मां राधाबाई के साथ दिल कुमार की पत्नी पदमा, उसकी मां कलावती ने भी विवाद किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के अंतर्गत कार्रवाई की है।

### इलाज कराकर लौट रहे दंपति का एक्सीडेंट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत छांदनपुर रोड के पास पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।पुलिस को प्रार्थी टोमन साहू पिता बसंत साहू (22) निवासी फुलवारी थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 2 मई को मेरे पिताजी बसंत कुमार साहू (46) मेरी मां लताबाई साहू (40) को मोटर सायकल क्र. सीजी 04 डीएन 0301 से इलाज कराने भंवरपुर लेकर आए थे। इलाज कराने के बाद भंवरपुर से पिताजी बसना से सांकरा होते हुए फुलवारी जा रहे थे, तभी छांदनपुर मोड के पास सुबह 9 बजे रांग साइड से सांकरा की ओर से आ रही वाहन पिकअप वाहन क्र. सीजी 06 जीजेड 3055 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में मेरे पिताजी के दाहिने जांघ, दाहिने हाथ के कलाई एवं पैरों में चोटें आई है एवं मां लताबाई साहू को दांये पैर के जांघ कमर, सिर में चोटें आई है।

# अक्ति पर किसानों ने की पूजा, बच्चों ने रचाया गुड्डा-गुड़िया का विवाह

## गाजे -बाजे की धुन में जमकर नाचते गाते बारात निकाली, टीकावन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अक्षय तृतीया पर्व पर छोटे बच्चों सहित बड़ों ने गुड्डे -गुड़ियों का विधि-विधान से विवाह रचाकर हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाया। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित हरदीभाठा, भाठीगढ़, भटगांव, नहानबिरी, जिड़ार, जाड़ापदर, मैनपुर कला सहित कई गांवो में चौक चौराहों पर शादी का पंडाल सजाकर पूरे जोश उमंग के साथ अक्ती विवाह रचाया गया। जहां गुड्डे- गुड़ियां की शादी को लेकर बच्चे सुबह से ही पूरे तैयारी के साथ लगे रहे। बड़ों की सानिध्य में छोटे बच्चो ने गुड्डे -गुड़ियां का मंड़वा, चुलमाटी, तेल हल्दी लगाकर एवं सजाये गये पंडाल में गाजे -बाजे की धुन में जमकर नाचते गाते शादी विवाह उत्सव मनाया। वहीं बच्चों द्वारा प्रमुख चौक- चौराहों पर पाणिग्रहण टीकावन का आयोजन भी किया। जिसमें गांव के लोगों ने गुड्डे गुडियों को पीला चावल व उपहार टीकते प्रतिभोज का लुफ्त उठाते दिखे। अक्षय तृतीया अक्ती पर्व के शुभ मुहूर्त को देखते हुए लोगों द्वारा गांवों में इस दिन कई जगहों पर विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके साथ ही विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिये लोगों को हड़बड़ी के साथ शादी ब्याह पर शामिल होने काफी उत्साह व आवाजाही देखी गयी। हर गांव में भारी शादियां हुई। जिसके चलते स्थानीय बाजार में अच्छी चहल पहल के साथ सोना चांदी, बर्तन, कपड़ा, जूता चप्पल एवं किराने की दुकानों मे भारी भीड़ देखने ▶▶|शेष पेज 10 पर





## कार्रवाई : लखना में खनिज व राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

# बिना पिट पास के रेत का अवैध परिवहन 4 चेनमाउंटेन सील, 2 हाईवा पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे रायपुर जिला के सीमा में कोलियारी-लखना में चल रहे रेत घाट में अवैध रूप से चेनमाउंटेन मशीन द्वारा नदी में खोदकर रेत भर रहे और बिना पीट पास के परिवहन करते गाड़ियों पर नवापारा तहसीलदार सूरज बंछोर और माइनिंग विभाग के अवध राम साहू की टीम ने छापामार शुक्रवार को 4 चैन माउंटेन को सील किया और 2 हाईवा पर कार्रवाई की। इन दिनों राजिम तथा अभनपुर क्षेत्र में अवैध रेत घाट का मुद्दा छाया हुआ है इसी तारतम्य में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन तथा ग्रामवासियों की शिकायत पर उक्त कार्रवाई हुई।

ग्राम कोलियारी लखना के खसरा नंबर 866 के रकबा 3 हेक्टेयर में खदान स्वीकृत है। परंतु ग्रामवासियों की शिकायत है कि उक्त स्वीकृत स्थल के अतिरिक्त स्थल पर चौबीसो घंटे नियमों को ताक पर रखकर खुदाई की जा रही है। मजदूरों के बजाय चैन माउंटेन से काम लिया जा रहा है। इस दौरान कुछ गाड़ियों में परिवहन पास भी नहीं मिला। इस दौरान घाट से निकलने वाले मार्ग में ग्रामीणों ने गाड़ियों को रोक कर परिवहन पास के बारे में पूछा तो दो गाड़ियों सीजी 04 पीडी 0155 तथा सीजी 04 एलजी 8296 में पीट पास नहीं था। परंतु अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही उक्त गाड़ियों के ड्राइवरों ने पीट पास बनवा लिया। उल्लेखनीय है कि जब ग्रामीणों ने रोका तो उस वक्त गाड़ी के ड्रायवरों के पास पीट पास नहीं था। अधिकारी देर से पहुंचे अतएव समय का फायदा उठाते हुए पीट पास बनके ड्रायवरों के पास आ गया। बता दें कि अधिकारियों द्वारा उक्त दोनों गाड़ियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति का प्रयास किया जा रहा था। जिसे ग्रामीण समझ गए और मौके पर ही आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए दोनों गाड़ियों को कार्यवाही कर थाने भेजा गया। पश्चात अधिकारी और ग्रामीण खदान की ओर पहुंचे जहां तीस से अधिक संख्या में लोड की हुई गाड़ी खड़ी थी। कार्यवाही की भनक खदान वालों को हो गई थी तो उन्होंने चैन माउंटेन को छुपाने का असफल प्रयास भी किया।





### रेत माफिया महानदी को छलनी करने में लगे हुए हैं

ग्रामीणों ने बताया कि रेत के सौदागर हमारे गांव से लगे नदी को खोखला बना दिए है। बारिशकाल में हमारे गांव लखना और कोलियारी टापु बन जाता है। इस हालत में पता नहीं इस बारिशकाल में क्या होगा? मालूम हो कि क्षेत्र के कईयो रेत घाटो में पूरे दबंगता के साथ रेत माफिया महानदी को छलनी करने में लगे हुए है। समय-समय पर ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्रवाई तो अधिकारी वर्ग न चाहते हुए भी मजबूरी में करते है। पूरे क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रेत घाट का काम बिना अधिकारियो के सांठ-गांठ से हो ही नहीं चल सकता। ये तो हुई रायपुर जिले की बात यदि गरियाबंद जिले की बात करें तो इस जिले के माइनिंग अधिकारी शुरू से यहां जमे हुए है। उनके शह में जिले में कईयो घाट वैध-अवैध रूप से चल ही रहा है। जब दबाव पड़ता है तो केवल खानापूर्ति के लिए वे कार्रवाई करते है। इस माइनिंग अधिकारी को जिले के कांग्रेस-भाजपा नेताओं ने हटाने की मांग किया है।

### अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है : उपसरपंच

खदान के कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित होने के बाद चैन माउंटेन को अन्यत्र छुपा देने के बावजूद ग्रामवासियों के दबाव में राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ ग्रामवासी मशीनों को खोजने में कामयाब रहे। पश्चात खनिज विभाग के अधिकारियों ने 4 चैन माउंटेन को सील किया और 2 हाईवा पर कार्यवाही की। शेष भरी गाड़ियों पर कोई कार्यवाही न करते हुए वापस रवाना हो गए। लखना के उपसरपंच राजू यादव ने बताया कि रेत खदान के लिए पंचायत से किसी भी प्रकार की अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। खदान अवैध रूप से संचालित हो रही है पंचों ने भी इसका विरोध किया मगर अपनी तानाशाही के चलते संचालित करते रहे। इसकी शिकायत पूर्व में तहसीलदार, एसडीएम, खनिज विभाग को भी की जा चुकी थी मगर इन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। आज खनिज एवं राजस्व दोनों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की जिससे गांव के लोग खुशी से झुम रहे है।

# बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता



**रसेला।** बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्योकि अंचल में अभी भी 40 फीसदी धान फसल की कटाई मिंजाई नहीं हो पाई है। इससे ऐसे किसानों के मेहनत पर पानी फिरने के आसार है। गौरतलब है कि क्षेत्र के किसान भी बड़े रकबा में रबी के तहत धान की फसल लिये है। पखवाड़े भर पूर्व से फसल की कटाई मिंजाई का कार्य चल रहा है। लेकिन इसमें बेमौसम बारिश बाधा बनी हुई है। लल्लू यादव, सोहन मरकाम, वेदव्यास निषाद आदि किसानों ने बताया कि क्षेत्र के चालीस फीसदी धान की फसल की कटाई एवं मिंजाई कार्य बाकी है। बेमौस बारिश के चलते उक्त कार्य करने काफी परेशानी होने लगी है। यदि बारिश फिर हुई तो फसल काफी हद तक नष्ट होने के असर है। ऐसे में किसान अपनी मेहनत पर पानी फिरता देख काफी चिंतित है। किसानों ने बताया कि वे रबी के तहत धान की फसल थोड़ा विलंब से लिये थे। इसलिए तैयार होने में भी देरी हुई। लेकिन बेमौसम बारिश के चलते खेतो में हो रहे फसल कटाई एवं मिंजाई के बाद धान में नमी आ गई है। इसे वे गलियों सहित अन्य स्थलों में सुखाने विवश है। यदि वे इसे नहीं सुखायेंगे तो मंडी में इसके दाम कम मिलेंगें। साथ ही धान में टूट की समस्या आएगी। कई किसान बारिश को देख बड़ी संख्या में मजदूर लगा फसल कटाई एवं मिंजाई करा रहे है। तो कुछ थ्रेसर मशीन एवं हार्वेस्टर का सहारा लेने विवश है। बहरहाल बेमौसम बारिश इन दिनों किसानों के लिए आफत बनी हुई है।

# रुपनाथ ने सड़क दुर्घटना में घायल गणेश राम को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम मडेली निवासी गणेश राम साहू उम्र 45 वर्ष को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे इस दुर्घटना में उनके पैर में गंभीर चोट आई है। जिसे पुलिस सड़क सुरक्षा मितान रुपनाथ बंजारे ने तत्काल मोटर साइकिल पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं शासन प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए अनेक योजना व सड़क सुरक्षा मितान चिन्हांकित कर जन जागरूकता अभियान चला कर दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में निवासरत समीप कार्य करने वाले लोगों को जोड़ कर घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। साथ ही साथ आम आदमी नागरिक दुर्घनाएं में घायल हुए लोगों की सहायता करके पुलिस पुछताछ केस में नहीं पड़ना चाहते। पर इसी डर को दूर करने के लिए शासन प्रशासन ने सड़क सुरक्षा मितान बनाई। जिससे घायल व्यक्तियों को सड़क से अस्पताल तक का सफर सही समय में आसानी से पहुंचाया जा सके और किसी परिवार की घायल व्यक्ति का जिंदगी बचाया जा सके।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

**मैनपुर।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र समाज मैनपुर द्वारा वन परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में भगवान परशुराम की विधि व्रत पूजा अर्चना कर आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने पूजन कार्य संपन्न कराया पंडित शर्मा ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष की तीज तिथि पर अक्षय तृतीया पर इसी दिन हुआ था इसलिए इस दिन को जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार गंगा माता भी धरती पर किसी दिन अवतरित हुई थी सतयुग द्वापर त्रेता युग की गणना भी इसी दिन से होती है अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व है इस दिन सांसारिक उपयोगी वस्तुएं खाद्य पदार्थ दान करने से मां लक्ष्मी मां अन्नपूर्णा प्रसन्न होती है उनकी कृपा से घर में अक्षय काल तक सुख समृद्धि बनी रहती है। इस अवसर पर संजय त्रिवेदी, निर्भय पांडे, मोहित द्विवेदी, विनोद त्रिपाठी, आदित्य त्रिवेदी, देवव्रत शर्मा, अपूर्व त्रिवेदी, अशोक दुबे, शुभम शर्मा, आर्य द्विवेदी, ओमप्रकाश गुप्ता, आलोक गुप्ता, काव्य गुप्ता सहित सामाजिक गण सम्मिलित हुए।



# दो माह से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों में हर माह 5 रूपए प्रति किलो के हिसाब दिये जा रहें चना दो महीने से बंद है। इसका वितरण भी नहीं हो पा रहा है। राशन दुकानों में सरकार इस समय सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को प्रति महीने 35 किलो चावल निःशुल्क, दो लीटर केरोसिन, निःशुल्क आयोडीन नमक, हल्दी मिर्च पाउडर व एक किलो शक्कर की रियायती दर पर आपूर्ति करती है। दो महीने से गरीबों को चना नहीं मिलने से 70 से 80 रूपए किलो में दुकानों से खरीद कर खाने मजबूर हो रहे हैं। इधर हितग्राही लगातार पहुंच रही है राशन दुकान चना नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। वे लगातार जानकारी लेने सेल्समैन तक पहुंच रहा है। जहां से उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है। वजह यह है कि राशन दुकान संचालकों को भी इस बारे में सही जानकारी नहीं है। अब तक चना को लेकर कहीं किसी प्रकार के स्पष्ट निर्देश भी जारी नहीं हें। इसके चलते संचालक भी हितग्राहियों को कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। वे वहीं बात उन्हें बता रहे,जो अधिकारी ने उन्हें बताया है। 5 रुपए में मिलने वाली चना अब 70 से 80 रूपए दुकानों से खरीद रहा है। इससे उन पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है। वहीं खाद्य निरीक्षक नागरिक रितु मोर्य ने बताया की आपूर्ति निगम से दो माह चना का कोटा नहीं आ रही है।



## ब्राम्हण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव

# आमजनों को ठंडा पानी और पूरी-सब्जी की प्रसादी बांटी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव रायपुर रोड स्थित विप्र भवन में शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं मातृशक्तियां शामिल हुई। सुबह 9 बजे पंडित दिनेश तिवारी-संतोष मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम जी का पूजा-अर्चना किया गया। उसके बाद 10 बजे से लेकर दोपहर तक रायपुर रोड में एफसीआई के बाजू पंडाल लगाकर आमजनों को ठंडा पानी और पुड़ी सब्जी का प्रसादी दिया गया। उपस्थित ब्राम्हण समाज के लोगो ने पूजा के दौरान पूरे क्षेत्रवासियों और जनमानस की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए भगवान परशुराम जी से मंगल कामना किया। पूजा और प्रसादी वितरण में विशेष रूप से सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, समाज के वरिष्ठ मधुसुदन शर्मा, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, समाजसेवी कैलाश शुक्ला, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, अजय तिवारी, आशीष दीवान, ज्ञानेश शर्मा, शिव तिवारी, दानीशंकर शर्मा, सुनील तिवारी, मनहरण शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से पीठासीन सदस्य ने की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण के पीठासीन सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राज भवन में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी अधिवक्ता रुचि उपाध्याय गुप्ता भी साथ मौजूद रही। राज्यपाल को श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग द्वारा लगातार बच्चों की हित में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति भी राज्यपाल को सौंपी। साथ ही आयोग द्वारा बालहित में किए गए कार्यों की एक फाइल बनाकर भी उन्होंने राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर राज्यपाल ने उनके प्रयासों की सराहना की।

### सीए भावेश बने जीएसटी समिति के विशेष सदस्य

**रायपुर।** कर विषय में अपने योगदान और विशेषज्ञता के प्रति



एक महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट भावेश मित्तल को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट नई दिल्ली द्वारा गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) समिति के विशेष सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। एक विशेष सदस्य के रूप में उन्हें भारत सरकार, राज्य सरकारें, केंद्र शासित प्रदेश, जीएसटी परिषद, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN), और अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों के साथ सलाह देने और सहयोग करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

### कपल म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति आज

**रायपुर।** कपल म्यूजिकल ग्रुप एक बार फिर से पति-पत्नी को लेकर सीजन-3 मिले सुर मेरा तुम्हारा शीर्षक से बेहतरीन सुरमयी शाम लेकर 11 मई को आ रहे हैं। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। कार्यक्रम के दौरान नए एवं पुराने गीतों को पति-पत्नी अपने खास अंदाज में गाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करेंगे। कपल म्यूजिकल ग्रुप के व्यवस्थापक एवं संस्थापक कमल बड़वानी, डायरेक्टर राजधानी के प्रसिद्ध संगीत गुरु घनश्याम शर्मा, नीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. रितु दीपक श्रीवास्तव, मंजू भानू लुनिया, रेखा विजय पंजवानी, दीप्ति राहुल सिन्हा, ज्योति सुनील कोरी, निशा कमल बड़वानी, संगीता प्रदीप देवांगन, सागोरिका ललित सिन्हा, कृष्णा शेषगिरी राव आदि हैं।

# प्रीपैड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त बिजली देने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर उसके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगेंगे।

ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले ही तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है।

छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

**20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे**

#### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।



#### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को दो दिन पहले मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी का अनुबंध किया था निरस्त

# ई-टायलेट मेंटेनेंस के लिए नगर निगम ने बनाया प्रस्ताव, जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 2.5 करोड़ से अधिक की लागत के 32 ई टायलेट की मरम्मत और देखरेख तथा संचालन के लिए अब नई एजेंसी तय होगी। नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है। ई टायलेट संचालन के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जायेगी।

दरअसल, राजधानी के सार्वजनिक जगहों और भीड़ वाले इलाकों में आम जनता को सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 4 साल पूर्व ई टायलेट का निर्माण करवाया था। इन टायलेट के निर्माण और मेंटनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपये सुरक्षा निधि के रूप जमा करवाये गये थे, लेकिन टायलेट निर्माण के बाद कंपनी कुछ महीनों के बाद ही नदारद हो गई, जबकि अनुबंध के अनुसार कंपनी को पांच साल तक ई टायलेट का मेंटनेंस करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़कर जाने की स्थिति निर्मित होने पर 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया।



#### कई ई-टायलेट हो चुके कबाड़

कंपनी के गायब होने के बाद वर्ष 2021 तक ई टायलेट का मेंटनेंस नहीं हो पाया। साल 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने फिर से इन ई टायलेट के मेंटनेंस के लिए रायपुर की होप फार ह्यूमिनेटी एजेंसी से अनुबंध किया। सूत्रों के मुताबिक इस एजेंसी ने भी अनुबंध की शर्तों के अनुसार टायलेट का मेंटनेंस नहीं किया। हालत ये है कि अब कई ई टायलेट कबाड़ हो चुके हैं, जिसके कारण इनमें लगे पार्ट्स में भी खराबी आ गई है। ऐसे में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित एजेंसी के साथ अनुबंध को निरस्त कर दिया है और नगर निगम को ई टायलेट हैंडओवर कर इसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी है।

- नगर निगम को हैंडओवर के बाद मरम्मत संचालन के लिए तय होगी एजेंसी
- 2.50 करोड़ का लागत शहर में 32 ई-टायलेट

**प्रस्ताव बनाया है, मरम्मत संचालन के लिए होगा टेंडर**

ई टायलेट की मरम्मत और इसका संचालन करने प्रस्ताव बनाया गया है। इसकी मरम्मत व संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर होगा।

- **रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, नगर निगम रायपुर



### स्वस्थ और अनुशासित बनाता है योगासन

**रायपुर।** योग में हम श्वांसों के आवागमन पर अपने ध्यान को केंद्रित करते हैं। यह श्वांसों पर नियंत्रण की कला है। श्वांस लेने का भी सही तरीका मालूम होना आवश्यक है। जब हम श्वांस लेते हैं तो हमारा पेट बाहर निकलना चाहिए और श्वांस छोड़ने पर अंदर जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व शांति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैंप में जीवन में योगासनों का महत्व विषय पर योग शिक्षिका ज्योति साहू ने कही। उन्होंने बच्चों को विभिन्न योगासनों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। उन्होंने बतलाया कि ताड़ासन में जब बैठें तो अंगूठा और एड़ी में बराबर दूरी होनी चाहिए। यह उँचाई बढ़ाने में मदद करता है। यह खून के प्रवाह को तेज करता है और शरीर का सन्तुलन भी बनाता है। शशांक आसन से सूर्य नाड़ी और चंद्र नाड़ी एक्टिव होती है। जिससे डिप्रेसन कम होता है। रक्त का प्रवाह अच्छा होता है और आज्ञा चक्र सक्रिय होता है।

# नीट में गलत पेपर बांटे जाने का मामला पहुंचा राजभवन



- बालोद विधायक संगीता ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नीट-यूजी 2024 की परीक्षा के दौरान गलत पेपर बांटे जाने के मामले में जांच की मांग लेकर कांग्रेस गुरुवार को राजभवन पहुंची। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में छात्रों की शिकायतों और परीक्षा में हुई लापरवाही की जांच की मांग को लेकर चर्चा की।

5 मई को बालोद में मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट के लिए बालोद जिले में 2 परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। यहां 391 परीक्षार्थियों को पहले गलत परीक्षा पेपर दे दिया गया और 45 मिनट बाद गलती का पता चला तब प्रश्नपत्र बदल कर सही प्रश्नपत्र दिया गया। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी परीक्षार्थियों की मांग करने के बाद भी अतिरिक्त समय नहीं दिया गया। लापरवाही के बाद छात्रों के नुकसान को लेकर उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

#### छात्रों की मांगों पर चर्चा

मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रवक्ता विकास तिवारी ने राज्यपाल से मुलाकात कर प्रभावित छात्र-छात्राओं की मांगों पर चर्चा की।

#### परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जांच की जाना आवश्यक है। घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है। इनको हुए नुकसान की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किया जाना या उन्हें क्षति हुए समय के बदले बोनस अंक प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा।

# आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी, टॉप में रहे 70 प्रतिशत बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भूपेश सरकार द्वारा मध्य वर्ग गरीबों के लिये शुरू किये गये आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी। भाजपा जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है, उसी स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने 10वीं, 12वीं की प्रावीण्य सूची में 70 प्रतिशत से अधिक स्थान बनाया है।

उन्होंने कहा, स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्य वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है। इस स्कूल में बच्चों को मुफ्त अंग्रजी माध्यम की पढ़ाई कराई जाती है। गरीब और मध्य वर्ग के लिये इसका खर्च उनकी क्षमता से अधिक हो जाता है।



- स्वामी आत्मानंद स्कूलों को भाजपा सरकार बंद करना चाहती है- सुशील

इन बच्चों ने बता दिया कि अवसर मिलने पर प्रतिभा निखरती है। भाजपा सरकार इन स्कूलों को दलीय दुर्भावना से देख रही है।

पहले स्कूल शिक्षामंत्री ने घोषणा की थी, इन स्कूलों की आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन किया जायेगा। इसके बाद खबर आई कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलकर पीएमश्री नाम दिया जायेगा। यही नहीं, भाजपा सरकार बनने के बाद पिछले चार माह से भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को वेतन नहीं दे रही है, ताकि शिक्षक स्कूलों को छोड़कर चले जायें और विद्यालयों को बंद करने का बहाना मिल जाये।

# कमल विहार अंधेरे में, स्ट्रीट लाइटें बंद, सोलर पैनल के खंबों से बैटरी-वायर तक ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके के कई सेक्टरों में पिछले कई महीनों से सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिसके कारण रात में इन क्षेत्रों की सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। इसके कारण इन क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का भी डेरा है, जिनमें से कई लोग स्ट्रीट लाइटों में लगी बैटरी और वायर तक चोरी कर ले गए हैं। चोरी होने के बाद से स्ट्रीट लाइटों को सुधारा नहीं गया है, जिसके कारण कमल विहार के कई सेक्टरों में रात में अंधेरा छाया रहता है।

कमल विहार के सभी सेक्टरों की सड़कों के किनारे सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इन खंभों में निचले हिस्से में बैटरी व वायर का कनेक्शन देने के लिए बॉक्स बना हुआ है, जिसके जरिए सोलर पैनल की लाइटें जलती हैं। इनमें से कई खंभों से असामाजिक तत्व बैटरी और वायर दोनों चोरी कर ले गए हैं, जिसके कारण कमल विहार के सेक्टर 11, 12, 13, 14 सहित अन्य कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं।

#### हो चुकी है लूटपाट-हत्या का प्रयास जैसी वारदातें

कमल विहार के पास शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकान भी है। इस दुकान में हर दिन शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। ज्यादातर भीड़ शाम से लगती है जो दुकान बंद होने तक रहती है। शराब खरीदने के बाद कई लोग कमल विहार के सुनसान इलाकों में जाकर शराब का सेवन करते हैं। कई लोग तो स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण सड़क के किनारे बैठकर शराब पीते हैं। इसके अलावा कई असामाजिक तत्वों का भी इस क्षेत्र में जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण इस इलाके में चोरी की घटनाओं के साथ लूटपाट, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसी वारदातें भी हो चुकी हैं।



*महावीर नगर-अमलीडीह इलाके में कई सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद : महावीर नगर अमलीडीह इलाके में भी कई कालोनियों की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। महावीरनगर में ओम विहार से रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी सहित कई कालोनियों की सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। हाल ही में रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी के पास रात के समय में चेन स्नैचिंग की घटना भी हुई थी, जिसमें खाना खाने के बाद टहलने निकली एक महिला के गले से अज्ञात आरोपी चेन खींचकर फरार हो गया था।*

*पूरी तरह बसाहट नहीं, इसलिए सुधारी नहीं गई लाइटें : कमल विहार के कई सेक्टरों में अब तक पूरी तरह से बसाहट नहीं हो पाई है, जिसके कारण ज्यादातर सूनसान क्षेत्र हैं। सूनसान होने के कारण ही इस क्षेत्र से स्ट्रीट खंभों से बैटरी-वायर तक चोरी हो जा रहे हैं। इधर सूनसान क्षेत्र होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी भी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का काम नहीं करा रहे हैं।*

# लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कर रहे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान होने के बाद अब कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा वार मतदान की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव के लिए विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की थी। सभी प्रभारियों से चर्चा कर प्रत्याशी यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि मतदान किससे पक्ष में हुआ। पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई मतदान की अंतिम रिपोर्ट का संकलन भी किया जा रहा है।

- विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों की ली जा रही जानकारी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिन सात सीटों पर चुनाव हुआ, उनमें कोरबा, जांजगीर, सरगुजा सीट में हुए मतदान के आधार पर यहां पर विधानसभा वार आंकड़ों के आधार पर वहां के नेताओं से चर्चा कर जानने का प्रयास प्रत्याशी कर रहे हैं कि उस दिन का माहौल कैसा रहा। वोटिंग के पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ली जा रही है। सरगुजा में पिछले साल से हुई अधिक वोटिंग के बाद वहां पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल को लेकर प्रत्याशी शशि सिंह ने चर्चा की। जांजगीर में प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया ने सभी क्षेत्र के प्रभारियों से चर्चा कर मतदान के रुख को समझने का प्रयास किया। वहीं कोरबा में ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान और कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़ने का आकलन वहां के प्रभारियों से किया गया। वहीं रायपुर में सभी 2300 बूथ के संबंध में विकास उपाध्याय ने चर्चा कर जानकारी ली। यहां पर विधारसभा वार प्रभारियों से रिपोर्ट ली गई। बिलासपुर में मतदान के बाद वहां का फीडबैक नेताओं से लिया गया।

#### पीसीसी को देंगे जानकारी

लोकसभा चुनाव के दौरान नियुक्त किए गए प्रभारियों द्वारा चुनाव की पूरी जानकारी पीसीसी को दी जाएगी। उसके आधार पर हर सीट में पार्टी के पक्ष में माहौल का आकलन किया जाएगा। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण मतदान का प्रतिशत बढ़ने का फायदा किसे मिलेगा, इसे चर्चा कर जानने का प्रयास किया जा रहा है।

# संभागायुक्त भवन का धीमा निर्माण कमिश्नर अलंग ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिलासपुर जिले के कोनी में दोमंजिला नया संभागायुक्त कार्यालय का भवन तैयार हो रहा है। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने गुरुवार को निर्माणाधीन इस भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन निर्माण का कार्य धीमी गति से होता देख उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए दिसंबर 2024 तक भवन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### भवन के सामने गार्डन भी बनेगा

निरीक्षण के दौरान डा. अलंग ने कहा कि भवन परिसर में हरियाली भी होनी चाहिए। इसके लिए भवन के सामने एक सुंदर गार्डन होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण का काम कर रहे मजदूरों से भी चर्चा कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वाईएस गोपाल, ईई सीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा सहित पीडब्ल्यू विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

*सवा दो एकड़ में 12 करोड़ की लागत से बन रहा नया भवन : विदित हो कि कोनी में लगभग सवा दो एकड़ भूमि कार्यालय भवन के लिए आवंटित की गई है। इस जमीन पर बेसमेंट सहित दोमंजिला भवन बनाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। शासन ने इस भवन के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। अब तक बेसमेंट का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम मंजिल का निर्माण कार्य जारी है। डॉ. अलंग ने निरीक्षण के दौरान सूक्ष्मता से भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को भवन निर्माण में गुणवत्ता एवं समयसीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी।*

# कृषि कॉलेज फिंगेश्वर में मनाया गया अक्ती त्योहार

**.फिंगेश्वर।** शुक्रवार को डॉक्टर निरंजन खरे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के निर्देशन में डॉक्टर गिरिजेश शर्मा, सह प्राध्यापक की अध्यक्षता में डॉ. नीता मिश्रा के नेतृत्व में अक्ती त्योहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ सरस्वती वंदना का गायन किया गया। तत्पश्चात राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। अतिथियों के स्वागत उपरांत डॉ. शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि पूरे भारतवर्ष में आज का वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि का दिन अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। जिसे छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार के नाम से लोक पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। छात्रों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए सभी को अक्ती त्योहार की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। डॉक्टर लेख राम वर्मा द्वारा तकनीकी उदबोधन प्रस्तुत करते हुए अक्ति त्यौहार का वैज्ञानिक एवं पौराणिक महत्व बताते हुए सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि आज ही के दिन से किसान भाई मिट्टी की पूजा- अर्चना के साथ खेती की शुरुआत करते हैं। विशेष रूप से बस्तर के



आदिवासी जनजाति इसे माटी तिहार के रूप में मनाते है, हमारे पूर्वज आज ही के दिन बीज की गुणवत्ता जांच कर आने वाले मौसम हेतु रोपण किए जाने वाले बीज का चुनाव करते है। प्रदेश के कई आदिवासी जनजाति इसे आमा तिहार के रूप में भी मनाते हैं और आज के बाद से ही आम का सेवन किया जाता है। इस प्रकार अक्ती त्योहार पौराणिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। अतिथि उद्बोधन उपरांत मिट्टी एवं कृषि उपकरण की पूजा अर्चना के पश्चात महाविद्यालय कैंपस में प्रतिकात्मक रूप से बीज की बोवाई की गई।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ. अजीत मन्नाडे, डॉ. ओमेश ठाकुर, डॉ. कुंतल साटकर एवं सुश्री विभा चंद्राकर के अलावा छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# मणिकरण साहिब दर्शन के लिए यात्रियों का जत्था रवाना



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के तत्वावधान में मणिकरण साहिब, अमृतसर दरबार साहिब के लिए यात्रा रवाना हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ से 125 संगत दर्शन करने जा रही है। यात्रा रायपुर से 9 मई को रवाना होकर 11 मई को सुबह सरहिंद पर पहुंचेगी, वहां से गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब जाएगी, फिर आनंदपुर साहिब होते हुए मणिकरण साहिब के दर्शन करने के बाद अमृतसर साहब पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व गुरमीत सिंह टोनी, हरपाल सिंह भामरा, निरवैर सिंह सागर, रोहित मोनू, निक्कू सिंह टांक, तरन सिंह ,बलजीत चावला कर रहे हैं। यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने प्रदेश स्वच्छता अभियान के प्रमुख शंभू गुप्ता, अरुण छाबड़ा, मोनू सलूजा, लवली अरोरा आदि शामिल रहे।

पेज 9 का शेष...

### अक्ती पर किसानों...

को मिली। अक्षय तृतीया पर बारात जाने के लिये वाहनों की बुकिंग एक सप्ताह पहले से ही लोगों ने करवा लिये थे। जिसके पश्चात भी देर सवेर लोग वाहनों को खोजते नजर आ रहे थे। **किसानों ने धान बुआई का शुभारंभ किया** - अक्ती पर्व को देखते हुए किसान वर्ग के लोग तड़के शुभ मुहूर्त पर अपने धान की कोठी से बीज निकालकर माटी महतारी की पूजा अर्चना करते बोनी की शुरूआत किया व खुशहाली, उन्नति की कामना की गई। वहीं प्रमुख नदी, तालाबों में लोगों द्वारा भगवान से मनोकामना मांगते अपने -अपने पितरो की मोक्ष गति के लिये अक्ती पानी देकर व भोज का आयोजन कर अक्ती मिलाया गया। **हरदीभाठा में विवाह पर रही धूम**- अक्त पर्व पर परम्परानुसार हरदीभाठा मंडली चौक के पास छोटे -छोटे बच्चों द्वारा गुड्डे- गुडियों की शादी रचाई गई। बकायदा तेल हल्दी लगाया गया, और गाजे- बाजे के साथ बारात निकाली गई। पूरे नगरवासी बारात में शामिल हुए और जमकर शादी की धूम मची रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से परिधी पटेल, पर्णिका पटेल, मोंटी, मोनिका, लता, छोटी, रानी, पुनम, जया, ज्योति, तन्नु, अन्नु, कान्हा, नेयाल, ईशु, ललित, डुग्गू व बडी संख्या में ग्राम के बच्चों के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## खबर संक्षेप



### अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में अक्षय तृतीया पर्व हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। किसानों ने पूजा के बाद खेतों मे बीज बो कर कृषि कार्यों की शुरूवात की। शुक्रवार को अक्षय तृतीया अर्थात अक्ती पर्व को लेकर बड़ों के साथ- साथ बच्चे भी उत्साहित रहे। भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर बाजार से लाये गुड्डे -गुड्डियों का एक स्थान मे रखकर मंडप सजाया गया और फिर उन्हे तेलखहल्दी की परंपरा निभाकर उनकी शादी कराई गई। विवाह को लेकर बनाई गई पकवान का सभी लोगों ने लुफ्त उठाया। आज के दिन ही मिट्टी से बने घड़े लेकर भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक के लिए चढ़ाया गया और पीने के लिए घर में मिट्टी के घड़े का उपयोग किया गया। लोगों ने इस पर्व की शुभता को लेकर सोने चांदी के जेवर खरीदे। यह पर्व दूसरे मायने इस लिए महत्वपूर्ण है कि किसान अपने अपने खेतों में बीज डालकर कृषि कार्य का आगाज किया हैं। ग्राम चैतरा में किसान अपने गांव में भागवन ठाकुरदिया में धान चढ़ाकर बैगा के द्वारा पूजा पाठ करवाया। उसी धान को आज ही के दिन किसानों के द्वारा नये फसल के लिए खेतों मे बीज बोया गया। इस अवसर पर चैतरा के ग्रामवासी उपस्थित होकर एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। जिसमें तुलसी साहू, अनिल साहू, वसुदेव यादव कोदन साहू, ताराचंद साहू, लीला राम साहू, उधो राम साहू, नरेंद्र साहू, हरिराम साहू, भुखन साहू, नरोत्तम साहू, प्रदीप साहू, सागर कंडरा, राजेश साहू एवं दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू उपस्थित थे।

### शिशु संस्कार केंद्र के बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्राओं का रहा वर्चस्व

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उमावि के कक्षा 10वीं का परिणाम 89.52 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परिणाम 85.11 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में सर्वोत्तम अंक गुणेश्वरी पटेल ने 600 अंकों में 567 अंक 94.5 प्रतिशत एवं काजल चंद्राकर 600 अंकों में 563 अंक 93.8 प्रतिशत, पूजा शर्मा 600 अंकों में 560 अंक 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का मान बढ़ाया। वहीं कक्षा 12वीं प्रथम जुबेरिया मनिहार 500 अंकों में 439 अंक 87.8 प्रतिशत, द्वितीय सपना सोनी 500 अंकों में 419 अंक 83.8 प्रतिशत, निरजरा 500 अंकों में 409 अंक 81.8 प्रतिशत प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य व शाला स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### खरोरा में मनाई गई परशुराम की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को फूल से सजाया गया। उसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। बता दें कि परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उनकी जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में तृतीया तिथि में हुआ था।

## उपलब्धि : कलेक्टर की दूरदर्शी सोंच ने दिया जिले को नई पहचान व उत्कृष्ट अभियान ने दी नई उड़ान

# जिले ने 12 वीं बोर्ड में 6वां तो 10वीं में चौथे पायदान पर लगाई छलांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम जिले में अब तक के सबसे उत्कृष्ठ रहा है। इससे पहले बीते वर्ष में जिले का बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन खराब रहा है। लेकिन इस वर्ष 2023- 24 में जिले का प्रदर्शन प्रदेश में काफी प्रभावित करने वाला रहा है। कक्षा 12वीं में परीक्षा परिणाम 82.38 प्रतिशत के साथ 16 वां रेंक एवं दसवीं में 78.80 प्रतिशत हासिल करते हुए 15 वां रेंक पर है। बीते वर्ष 2022- 23 में 12वीं परीक्षा परिणाम 78.82 प्रतिशत के साथ 22 वां रेंक एवं दसवीं में 73.93 प्रतिशत हासिल करते हुए 19 वां रेंक पर था। इस तरह से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम वर्ष 2023-24 12वीं में 6 वां और 10वीं बोर्ड में 4 थे पायदान पर छलांग लगाया है। आदिवासी बाहुल्य गरियाबंद जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के गिरते स्तर को ऊंचा ले जाने शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने जिला प्रशासन के द्वारा शुरू किए गए उड़ान कार्यक्रम का सबसे अहम भूमिका रही है। गरियाबंद के तत्कालिक कलेक्टर आकाश छिकारा ने गरियाबंद के सरकारी स्कूलों में एक विशेष अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने सबसे पहले स्कूल के शिक्षक और प्रिंसिपल की बैठक लेकर बेहतर परफोर्मेंस के लिए कार्य योजना बनाई और स्वयं कलेक्टर आकाश छिकारा ने इसकी कमान संभाला और बेहतर परीक्षा लाने उन्होंने उत्कृष्ठ गरियाबंद अभियान शुरू करते हुए उड़ान कार्यक्रम की शुरुवात किया।



**जिले की टीम प्रत्येक शनिवार को करते थे मॉनिटरिंग -** प्रशासन की इस अभिनव पहल में उत्कृष्ट गरियाबंद के तहत 10वीं व 12वीं के बच्चों की योग्यता विस्तार एवं परीक्षा के प्रति जुझारू बनाने उत्कृष्ट गरियाबंद नामक अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सप्ताहिक व मासिक परीक्षा का आयोजन कर परीक्षा की बेहतर तैयारी तथा परीक्षा के भय से निपटने की योग्यता का विस्तार किया गया। स्कूलों में साप्ताहिक और मासिक आकलन करने परीक्षा आयोजित किया गया। उत्कृष्ट गरियाबंद अभियान की मानिटरिंग के लिए हाईस्कूल एवं हायरसेकंडरी स्कूलों में जिला की टीम प्रत्येक शनिवार को मॉनिटरिंग करते हुए बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों से चर्चा भी करते तथा इसे और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है इस पर रिपोर्ट तैयार करते। उड़ान कार्यक्रम के लिए बकायदा नोडल अधिकारी नियुक्त था। गरियाबंद के तत्कालिक कलेक्टर के इस नवाचारी दृष्टिकोण की शिक्षाविदों द्वारा सराहना किया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए पालकों ने टीम को बधाई दी है। वहीं तत्कालिक कलेक्टर गरियाबंद आकाश छिकारा ने उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को एवं पूरी ईमानदारी से काम करने वाले शिक्षा विभाग के टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया है। राज्य के मेरिट सूची में गरियाबंद ने होनिशा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। होनिशा सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा की छात्रा है। कक्षा 12वीं में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धूमा के छात्र सतीश कुमार पटेल 93.60 प्रतिशत अंकों के साथ गरियाबंद जिले में प्रथम स्थान पर रहे।

**1542 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण -** जिले में कक्षा 12वीं में 5912 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमे से 5869 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। शामिल विद्यार्थियों में से 1542 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन, 2793 विद्यार्थी सेकंड डिवीजन एवं 500 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन से पास हुए। पूरक आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 431 रही। इस प्रकार 4835 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 603 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार पासिंग प्रतिशत 82.38 रहा। सर्वाधिक 83.89 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण रही वही 80.42 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में 8045 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 7899 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 7897 विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया। इन विद्यार्थियों में से 2564 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन, 3130 विद्यार्थी सेकंड डिवीजन एवं 529 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन से पास हुए। पूरक आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 379 रही। इस प्रकार 6223 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 1295 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार पासिंग प्रतिशत 78.80 रहा। सर्वाधिक 82.49 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण रही। वहीं 74.40 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण रहे।



## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरूवार को घोषित किया गया। जिसमें नवापारा नगर सहित अंचल के विभिन्न छात्रों ने प्रशंसनीय परिणाम हासिल कर अपने परिवार व समाज सहित अंचल का नाम गौरवान्वित किया है। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान किशोर, विद्यार्थियों से कह रहे हैं कि वर्तमान सफलता को बरकरार रखने की जवाबदारी उन्हीं लोगों पर है। जिस मेहनत और लगन से उन्होंने यह मुकाम पाया है, आने वाली कक्षाओं में भी उसे बरकरार रखते हुए ऐसी ही सफलता हासिल कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माता उन्हें बनना है। ताकि उनके परिजनों के साथ-साथ जो सपना अपने लिए उन्होंने खुद देखा है, उसे पूरा कर सके। इसके अलावा किशोर विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए भविष्य में उन्हें जीवन के किसी भी मोड़ पर, उनकी आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दे रहे हैं। बताना जरूरी है कि किशोर पिछले 4 वर्षों से इसी प्रकार बोर्ड परीक्षाओं में टॉप 10 में आने वालों सहित उल्लेखनीय अंक हासिल विद्यार्थियों का लगातार उत्साहवर्धन करते आये हैं।

## मानिकचौरी में परीक्षा परिणाम से बच्चे उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में कक्षा दसवीं में 82% एवं कक्षा 12वीं में 98.11% छात्रों ने सफलता हासिल की। कक्षा दसवीं में नामिका लहरी पिता मनोहर लहरी ने 93% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूपेंद्र कुमार साहू पिता नेमीचंद साहू ने 92.8% अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा गीतेश कुमार साहू पिता टोमन साहू ने 88. 67% प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं कुल दर्ज 57 में से 16 प्रथम श्रेणी में,, 22 द्वितीय श्रेणी में ,तथा 9 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी तरह कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में पूर्वा साहू पिता धनेंद्र साहू ने 81.8% अंक लेकर प्रथम स्थान। तुलेश्वरी चंदेल पिता राजेश चंदेल 75.6 %अंक लेकर द्वितीय स्थान ।एवं चंद्र किरण साहू पिता ओमप्रकाश साहू ने 74.4% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी प्रकार में कला संकाय में प्रथम स्थान अमित कुमार पिता जितेंद्र कुमार ने 76.8% प्रतिशत,, द्वितीय स्थान विजय कोसले पिता बलराम कोसले ने 68.5%, तृतीय स्थान मोहिनी साहू पिता डोमन साहू ने 64%अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान ममता पिता पंकज ने 77%, द्वितीय स्थान भूपेश कुमार पिता व्यास नारायण ने 74.8 %अंक तथा तृतीय स्थान हर्षा पिता ढेलू राम ने 67% अंक प्राप्त किया। इस प्रकार कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में 93% एवं कला एवं वाणिज्य संकाय में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष रोमन तारक, सरपंच बुद्धेश्वर साहू , गोविंद तिवारी, प्राचार्य एसआर सोनबरसा, व्याख्याता शेखर प्रसाद साव, एसएल साहू, डॉक्टर योगिता यदु, अल्पना श्रीवास्तव, शैलेंद्री मिरी, संतोषी बघेल, ऐश्वर्या देवांगन, रश्मि साहू, अलका माखीजा , हेमलता देवांगन, चांदनी दीवान, लुकेश नामदेव ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्राचार्य एक्का देंगे बोर्ड में 90% से ऊपर पाने वालों को हाथ घड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा परिणाम जारी होते ही शासकीय राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में खुशी का माहौल छा गया। विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की बोर्ड की परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा दसवीं में 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। जिम 38 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी एवं 3 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुए। कक्षा 12वीं में 6 विद्यार्थी थे जिनमें तीन प्रथम श्रेणी एवं तीन को द्वितीय श्रेणी मिला। अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी में आने वाले चार विद्यार्थियों को 90% से ऊपर अंक प्राप्त हुए हैं। जिनमें सुहानी बंजारे 96% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। उल्लेखनीय है कि सुहानी बंजारे मात्र 7 अंको से मेरिट में स्थान लाने से चूक गई। अभिजीत शिंदे 92.5% जया यादव 92.33% श्रेयांशी कश्यप 90.5 प्रतिशत अंकप्राप्त किये हैं। इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्राचार्य संजय एक्का गारंटीड हाथ घड़ी अपनी ओर से पुरस्कार के रूप में देंगे। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य ने सत्र के प्रारंभ में ही यह वादा किया था कि सेजेस राजिम के जो भी बच्चे बोर्ड की परीक्षाओं में 90% से ऊपर अंक प्राप्त करेंगे उन्हें वह अपनी ओर से गारंटीड हाथ घड़ी पुरस्कार के रूप में प्रदान करेंगे। गत वर्ष भी उन्होंने 93% अंक पाने वाली गुंजेश्वरी सोनकर को पुरस्कृत किया था। दूसरी ओर पूर्व पालक समिति के अध्यक्ष शिवराज देवांगन ने भी घोषणा की है कि कक्षा दसवीं में 96% अंक प्राप्त कर कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार बालिका सुहानी बंजारे को ? 500 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान करेंगे। वहीं कक्षा 12वीं में लक्ष्मी पाल 67.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। विद्यालय के हिंदी मीडियम प्रभाग में कक्षा दसवीं से रूद्र पटेल 77.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं जबकि कक्षा 12वीं से दीपेश कुर्रे 71.6% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का ने समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी है। इसी के साथ ही सभी शिक्षकों को भी इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय देते हुए बधाई तथा शुभकामनाएं दिया है। बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षक गणों बी एल ध्रुव, एम के चंदन, एम एल सेन, सागर शर्मा, संतोष सूर्यवंशी, समीक्षा गायकवाड, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, मधु गुप्ता, विक्रम ठाकुर, शिखा महाडिक, अंजू मार्कण्डेय, अंगेश गंगेले, कैलाश साहू, सरिता साहू, नीता यादव, पूर्णेन्द्र बाघमार, पिंकी तारक, प्रणीति चंद्राकर, साक्षी जपे, नारायण लाल साहू, नेहा सिंह, साक्षी चंद्राकर, जमील अहमद जितेंद्र साहू, उपासना भगत आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।









## 10वीं बोर्ड में मेरिट में आए शौर्य का सम्मान

**राजिम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र शौर्य शुक्ला, पिता रोशन शुक्ला के प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान प्राप्त करने पर कुलेश्वर नाथ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, अजय साहू, कोषाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी ने गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।



### खुटेरी स्कूल के प्रवीण 93% से कक्षा में प्रथम



**छुईहा।** शासकीय हाई स्कूल खुटेरी के छात्र प्रवीण कुमार साहू ने कक्षा 10वीं में 93% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। आदर्श ग्राम सिर्रीखुर्द निवासी किसान मुनेश साहू के पुत्र हैं। जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, सरपंच व शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### लीमा 10वी में 92.66% के साथ प्रथम



**नवापारा-राजिम।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कुमारी लीमा देवांगन ने 10वी में 92.66% के साथ प्रथम बनाया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक, स्कूल प्रबंधन परिश्रम और माता-पिता एवं परिवार के मार्गदर्शन को दिया। पिता छगन देवांगन,माता सोनिया देवांगन ,अनन्त देवांगन, गायत्री देवांगन की भतीजी है। इनके शानदार सफलता पर परिवार के सदस्य लोचन देवांगन, रेवती देवांगन, मनोज देवांगन, भारती देवांगन, आर्यन देवांगन, विनोद देवांगन ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रूपाली10वीं में 90.83% प्राप्त कर कक्षा में प्रथम



**राजिम।** कुमारी रूपाली निर्मलकर ने हायर सेकेंड्री स्कूल के कक्षा 10वीं की परीक्षा में 90.83% अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे उसके परिवार वालों में खुशी की लहर है। छात्रा को समारू निर्मलकर, अरूण निर्मलकर, राजेश निर्मलकर, कामेश निर्मलकर, आत्मा निर्मलकर, हरगोविंद निर्मलकर, भारत निर्मलकर, राकेश निर्मलकर, टीपू निर्मलकर, चंद्रकांत निर्मलकर ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह, पैसा और उपहार भेंट कर परम्परा का किया निर्वहन





**नवापारा-राजिम।** नवापारा और राजिम शहर सहित अंचल के ग्रामीण इलाको में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवापारा एवं ग्राम परसदा में बच्चों के द्वारा पुतरा-पुतरी का विवाह रचाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा मंडप को सजाकर तेल हल्दी चढ़ाकर गुड्डा-गुड़ियों के माथे पर सेहरा बांधकर मंडप पर बिठाया। तत्पश्चात विवाह गीत के साथ टीकावन में रुपया, पैसा व उपहार स्वरूप भेंट कर परम्परा का निर्वहन किया। पूरन साहू व्याख्याता ने बताया कि इस दिन सुबह किसानों ने अपने घरों से धान दोना में ले जाकर ठाकुर देव को अर्पित किया।वही गांव के बैगा अश्वनी तारक द्वारा ठाकुरदेव की पूजा अर्चना के पश्चात धान को वापस किसानों को दिया। उक्त धान को किसान अपने खेतो में ले जाकर घर,परिवार व गाँव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए बोआई की। अक्षय तृतीया के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जी ने महाकाव्य की रचना भगवान गणेश के साथ शुरू किया था व भगवान परशुराम का जन्म हुआ था इसलिए आज के दिन परशुराम जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुस्कान, खुशबू, वीरा, डिम्पी, नेनसी, हिमांशु, चिन्मय, सृष्टि उपस्थित थे। इसी तरह नवापारा में भी बच्चो ने पुतरा-पुतरी का विवाह कर इस पुराने परंपरा का निर्वहन किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### गिधनी में बच्चों ने रचाई गुड्डे-गुड़िया की शादी

**मुडाग़ांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी में अक्षय तृतीया पर छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़ों में काफी उत्साह दिखाई दिया। अक्ति पुतला-पुतली के विवाह की तैयारियां काफी जोर शोर से गई थी। मिट्टी से बने पुतरा-पुतरी को बड़े ही धूमधाम से सजाई व मंडप सजाकर तेल, हल्दी चढ़ाई की गई। हास्य उमंग के साथ झूमे नाचे गाए उसके बाद दूल्हा पक्ष द्वारा बाजे -गाजे के साथ बारात भी निकाली गई। बारात में छोटे-छोटे बच्चों सहित बड़ों ने भाग लिया। बारात आने के बाद टीकावन शुरू किया किया। जिसमें आसपास के घरों एवं पारा मोहल्ले वाले टीकावन में शामिल हुए एवं पुतरा पुतरी के विवाह में छोट-छोटे बच्चों ने खूब खुशियां बटोरे। इस मौके पर प्रमुख रुप से यादराम ठाकुर, पंकज पुनिताराम ठाकुर, डेरहा ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर, दीपक, हीरा ठाकुर, चम्पेश्वरी ठाकुर, भीमता ठाकुर, अनमत्ती, लता गुंजा, रेवती सहित छोटे -छोटे बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ती त्योहार



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** शुक्रवार को अंचल के पाटसिवनी परसदाखुर्द, पिपरहट्ठा, देवगांव, जामली, बोडराबांधा,खुड़ीयाडिह सहित ग्रामीण अंचल में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का महापर्व अक्ती गांव- गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पर्व के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों ने घरों में मिट्टी के गुड्डे-गुड़िया की शादी पूर्ण रीति-रिवाज के साथ संपन्न की गई। मनमोहक मंडप सजाकर आकर्षक रूप में पुतरी-पुतरा को सजाया गया। वैवाहिक भव्यता के साथ संस्कृति के प्रति आस्था देखने को मिली।

### कृपा कावड़े ने 12वीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**धमतरी।** बांसपारा निवासी पूनम कावड़े, स्व. मुकुंद कावड़े की सुपुत्री कृपा कावड़े (गौरी) ने कक्षा 12वीं कामर्स विषय में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर दादी हेमलता कावड़े, परिवार जन एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**समस्या : शोभा में जल जीवन मिशन की टंकी निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप**

# ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए अफसरों से मांगे 50 से ज्यादा हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव एवं उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के भीतर बसे ग्राम पंचायत कोयबा, साहेबिनकछार, अमाड के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दिया था लेकिन अफसरों के समझाईस के बाद ग्रामीणों ने चुनाव में मतदान किया और इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए पिछले दिनों एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम एवं एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारीन उपस्थित थे राजापडाव गौरगांव सहित उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे कोयबा, साहेबिनकछार, अमाड ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 60 से 65 पाराटोला में 40 हजार लोग निवास करते है और यहां निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीण आज आजादी के 07 दशक बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहे हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि इस गर्मी के दिनों में कई पाराटोला में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। लेकिन इस ओर संबधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण आज भी कई पाराटोला के लोग सुखचुके नंदी नालो में झरिया खोदकर प्यास बुझा रहे है, ग्रामीणों ने अफसरों से 50 से ज्यादा हेडपम्प खनन की मांग किया है। जिसमें ग्राम पंचायत कोकडी के ग्राम नगबेल, नीचे बस्ती स्कूलपारा, चिपरी, बरगांव, कोकडी प्राथमिक शाला, ग्राम पंचायत अमाड के पोटापारा, ग्राम पंचायत भुतबेडा के तेन्दुछापर, मोतीपानी, ग्राम पंचायत गोना के सडकपारा, कमारपारा, आंगनबाडी ग्राम पंचायत तौरेंगा के चार वार्डो में ग्राम पंचायत जांगडा के सिघनापारा, झाखरपारा, प्राथमिक शाला ग्राम पंचायत गरहाडीह के बोईरडीह चौक, कांदाखोदरा एंव ग्राम पंचायत अडगडी के चट्टानपारा कुचेंगा के आंगनबाडी, गाजीमुडा, भद्रीपारा, टांगापानी, भाठापानी में हेडपम्प खनन करने की मांग किया है।









### बिगड़े हैंड़पंपों को सुधारने और पाइप लगाने की मांग

ग्राम पंचायत गोना के ढोलसरई आंगनबाडी, गरहाडीह, प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में हैंड़पंप खराब होने के साथ ही लगभग 40 हेडपम्पों में पाईप लगाने की मांग किया है, ग्रामीणों ने बताया कि इन हैंड़पंपों में पाइप नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में पानी नहीं निकल रहा है। ग्रामीणों को बहुत हैंडल मारना पड़ता है। तब कहीं जाकर पानी निकलता है। कई बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से पाई लगाने की मांग कर चुके हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गुणवत्ताहीन कार्यों को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जताई नराजगी

बैठक में जल जीवन मिशन योजना के तहत क्षेत्र में चल गुणवत्ताहीन कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने नराजगी जताई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, शोभा के सरपंच रमुला बाई ने बैठक में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत शोभा में लाखों रूपये खर्च कर टंकी निर्माण ड्राईग के हिसाब से निर्माण नहीं किया जा रहा है, विभाग की ओर से तीन बार ठेकेदार को टंकी तोडकर नया बनाने का निर्देश दिया गया है। उसके बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है, साथ ही गलियों में सीसी रोड को तोड़ दिया गया है। जिसे अब तक नहीं बनाया गया है, ग्राम पंचायत अडगडी के सरपंच कृष्णकुमार नेताम ने बताया कि अडगडी ग्राम के जरहीडीह एंव कुसुममुडा में नल, जल योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। , बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, शोभा के सरपंच रमुला बाई, अडगडी के सरपंच कृष्ण कुमार नेताम, कोकडी के सरपंच सखाराम मरकाम, गोना के सरपंच सुनील मरकाम, भुतबेडा के सरपंच अजय कुमार, भान बाई नेताम, बेलमती मांझी आदिवासी नेता दैनिक राम मंडावी, अुर्जन नायक, रूपसिंह मरकाम, दीनाचंद मरकाम, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुस्तम कपील, जनपद सदस्य घन"याम मरकाम, दीपक मंडावी एंव सभी 11 ग्राम पंचायतों के सरपंचो ने बैठक में मांग किया है कि इस क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल नवीन हेडपम्प की खनन किया जाये और जो खराब हो चुके है उन हैंड़पंपों का सुधार किया जाये। साथ ही जल जीवन मिशन योजना के तहत लापरवाही बरतने वाले कार्य एजेंसी एवं संबधित अधिकारियों पर कार्यवाही किया जाये।

## स्वामी आत्मानन्द विद्यालय मैनपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 09 मई को हाईस्कूल एवं हायर सेकन्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मैनपुर में संचालित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैनपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कुल 30 विद्यार्थी थे। जिनमें से 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 09 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कक्षा 12वीं में कुल 04 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय में थे जिनमें से 02 प्रथम एवं 02 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10वीं में सोनम सिन्हा 91.5 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रूपाली गुप्ता 88.8 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं कमश मिमोह रामटेके 87.5. भुमिका नागेश 86.7 एवं हिमान्सी साहू 86 प्रतिशत अंको के साथ क्रमशः तृतीय, चतुर्थ एव पंचम स्थान पर रहे। इस प्रकार आत्मानन्द शासकीय उत्कृट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैनपुर का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तरह ही उत्कृष्ट रहा। संस्था के प्राचार्य बीएस नागेश ने इस सफलता के लिये विद्यार्थियों एवं शाला के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





### सशिमं के कक्षा 10वीं में जकी व नम्रता ने किया टॉप



**गरियाबंद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद का परीक्षा परिणाम 10वीं में 84.48% रहा। कुल 58 परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में 38, द्वितीय श्रेणी में 11 एवं 09 अनुत्तीण्र हुए। जिसमें प्रथम स्थान कुमारी नम्रता यादव 94.33%,द्वितीय जकी खान 90.56%, तृतीय कुमारी भाग्यलक्ष्मी 83.16% प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में प्रथम श्रेणी 8, द्वितीय श्रेणी 6, पूरक 3, एवं अनुत्तीर्ण 2, जिसमें कुमारी कुमकुम 81.8% के साथ प्रथम , कुमारी तान्या साहू 68.4% के साथ द्वितीय, एवं झम्पाल वर्मा 67.8% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। भुतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति की अध्यक्ष विनोदिनी मिश्र, व्यवस्थापक गिरीश उपासने, उपाध्याक्ष मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष लोक्नाथ साहू एवं समिति सदस्य तनु साहू, रिखिराम यादव, प्रकाश निर्मलकर आदि ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### निहारिका ने कक्षा दसवीं में 96.66% लाकर अंचल का नाम रोशन किया

**रसेला।** ग्राम रसेला की बेटी कुमारी निहारिका ने कक्षा दसवीं में 96.66% अंक लाकर अंचल का नाम रौशन किया है। बतादें कि इनके पिताजी सुखराम कोमर्रा पेशे से एक कृषक हैं। वहीं इनकी माता जी गृहणी है। ये एक मध्यम वर्गीय परिवार से हैं। लेकिन उनकी जी-तोड़ मेहनत ने उन्हें सफलता की इस श्रेणी तक पहुंचाया। निहारिका ग्राम रसेला के निवासी हैं और वे प्रयास विद्यालय कांकेर में अध्यनरत हैं। वहीं उनके इस सफलता पर वे इसका श्रेय उनके माता- पिता और अपने शिक्षक को देते हुए कहते हैं कि मेरे इस सफलता के पीछे मेरे माता-पिता का त्याग और मेरे गुरू जनों का सहयोग रहा। वहीं उन्हें एक अफसोस जरूर है कि वे राज्य स्तर पर टाप करना चाहती थी लेकिन कुछ अंक कम होने से वे चुक गए लेकिन आने वाले दिनों में वे और भी जी तोड़ मेहनत कर वे राज्य के टापर बनने का सपना को साकार करने के लिए प्रयास करेंगे।



## आत्मानंद विद्यालय छुरा में 10वीं व 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 10वीं एवं 12वीं का परिणाम जारी किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं से विद्यालय की छात्रा अदिति सिंह ने 90.20 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई है। इसी तरह सौरभ सितलानी 87.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, गगन शर्मा 87.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, नितेश चंद देवांगन 85.60 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान एवं साक्षी दीवान 81.40 प्रतिशत अंक के साथ पाँचवे स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 82.35 प्रतिशत रहा जिसमें जिज्ञासा साहू 96.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई है। जिज्ञासा साहू राज्य की प्रावीण्य सूची टॉप 10 से मात्र 02 अंक से वंचित रह गयी। इसी तरह दीप सचदेव 92.67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, लीना कंवर 92.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, शेख जाबिर 88.17 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ एवं तानिया चंद्राकर 87.83 प्रतिशत अंक के साथ पाँचवे स्थान पर रहे। एक ओर 12 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने ख़ुशी जाहिर की तथा एक तरफ प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज करने से मात्र 02 अंक से वंचित रहने पर थोड़ी निराशा है। तथा जिज्ञासा साहू से चर्चा उपरांत पुर्नमूल्यांकन हेतु आवेदन करने के लिये कहा गया है छात्रा और शिक्षकों के मुताबिक परिणाम में परिवर्तन की पूरी उम्मीद है। उत्कृष्ट परिणाम देने पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं से सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।






## शौर्य 10वीं के प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रतिभाओं की जन्मभूमि रानीपरतेवा में एक और प्रतिभा का उदय हुआ। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं में शौर्य शुक्ला का प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान बना है। शौर्य शुक्ला मूलतः ग्राम रानीपरतेवा के निवासी है। गांव के पुरोहित स्वर्गीय सत्यनारायण शुक्ला के सुपुत्र रोशन शुक्ला व लता शुक्ला के ज्येष्ठ पुत्र शौर्य शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर राजिम में अध्ययनरत है। शौर्य के उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर शौर्य को ग्राम पंचायत के सरपंच केसरी नेताम, जनपद सभापति प्रह्लाद यदु, पूर्व सरपंच हेमलाल नेताम, सेवानिवृत्त शिक्षक रमन लाल सिन्हा, बुधराम पाड़े, थानु राम निषाद, भागवत निषाद, हीराधर सेन, कांग्रेस नेत्री पुष्पा ध्रुव, कांग्रेस युवा नेता जयप्रकाश साहू, सोनू गिरी, पंचायत के सभी पंच और ज्ञान ज्योति शिक्षक संघ द्वारा उज्वल भविष्य की कामना की।



## साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण ने त्रिवेणी के पढ़ाई खर्चा का लिया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल बेलर की त्रिवेणी साहू ने कक्षा 10वीं में 93%अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त किया है। इससे बेलर स्कूल, साहू समाज, एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। उनके पिता झामसिंग साहू बेलर समान्य कृषक मजदूर हैं। परिणाम घोषित होने पर ग्राम पंचायत सरपंच बेलर टायल साहू , जिला पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष एवं साहू समाज परिक्षेत्र बेलर अध्यक्ष प्रवीण साहू, पूर्व सहकारी समिति अध्यक्ष शेखर साहू ने छात्रा त्रिवेणी साहू के घर पहुंचे। और नगद प्रोत्साहन राशि,श्री फल, शाल भेंट कर उसके उज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बिटिया के आगे की पढ़ाई कक्षा 12वीं तक के लिए पढ़ाई के खर्च की जिम्मेदारी लेने संकल्प लिया है। इस अवसर पर ग्राम पटेल हेमूराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष नंदकुमार साहू, अरुण साहू, तारण दास मानिकपुरी, झामसिग साहू उपस्थित थे।



**देवगांव में अक्ती पर गुड्डे-गुड़ियों की रचाई शादी**

## बच्चों ने घर-घर दिया नेवता, बारात स्वागत के साथ टिकावन की भी निभाई रस्म





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम देवगांव में अक्षय तृतीया अर्थात अक्ति के दिन युवतियों ने बच्चों संग मिलकर शुक्रवार को अनोखे अंदाज में मनाई। उन्होंने ध्रुव मुहल्ले सहित ग्रामीणों के सहयोग से बकायदा घर-घर पहूंचकर गुड्डे-गुड़ियों के शादी का नेवता दिया। आयोजन से जुड़े लोगों ने दूल्हा का नाम प्रभु रामचंद्र पिता दशरथ निवासी अयोध्या और पुतरी का नाम सीता पिता जनकराम निवासी जनकपुरी बताई। बच्चों ने शादी का मंडप भी सजाया। चुलमाटी, मेंहदी, तेल हल्दी, मायन नाचा, परम्परिक बाजा से बारात स्वागत, टिकावन सहित विवाह के सब हिन्दू रिति रिवाज से रस्में किए गए। भिषम नगारची, कामती बाई, हेमा बाई, भुनेश्वरी ,रामबाई ध्रव, टामिन ध्रुव, मनीषा ,धर्मिन बाई, बुध्यारिन बाई ने कहा वाली मडवा दो घर में सजाये गये थे। एक घर पुतरा तो दूसरे घर पुतरी थी। बताया कि हर साल इस तरह का आयोजन होता है, लेकिन इस बार खास रहा। सभी रस्मों में मूहल्ले के बड़ों ने भी भागीदारी निभाई। आसपास के युवतियों ने साड़ी पहन कर पहूंची थी। लोग पुतरी को हल्दी लगाने पहुंचे। टीकावन में उन्होंने दुल्हा-दुल्हन यानि पुतरी पुतरा को उपहार भी दिए। पंगत में मीठा भोज, खीर, पुड़ी परोसे गए।




